भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 413

दिनांक 19 नवंबर, 2019 के लिए प्रश्न

विषय: एनडीडीपी के लिए निधियां जारी करना

413. श्रीमती अन्नपुर्णा देवीः

श्री पशुपति नाथ सिंहः

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा शुद्ध दूध उत्पादन और राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कितनी राशि आवंटित/जारी की गई है;

(ख) क्या गत वर्षों से उक्त राशि समय पर आवंटित नहीं की जा रही है और ये अभी भी लंबित है;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(घ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या उपचारात्मक उपाय किए गए हैं?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री

(डॉ. संजीव कुमार बालियान)

(क) गुणवत्तापूर्ण दूध सहित डेयरी अवसरंचना के सृजन के लिए पिछले तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) के अंतर्गत आबंटित तथा जारी निधियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(करोड़ रू. में)

वर्ष	संशोधित अनुमान (आरई)	जारी
2016-17	120.00	119.71
2017-18	170.49	170.484
2018-19	270.07	269.98

(ख) जी नहीं, पिछले तीन वर्षों के दौरान एनपीडीडी योजना के अंतर्गत निधियां समय पर जारी की गई हैं।

(ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठता

****